Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 22-08-2005

Participants : Nagpal Shri Harish

>

Title : Need to take preventive measure against various industrial units spreading toxic effluents and waste in Amroha Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री हरीश नागपाल (अमरोहा) : मेरा लोक सभा क्षेत्र अमरोहा (उ0 प्र0) के गजरौला शहर में जुब्रिलिएन्ट आर्गेनॉशिश नाम से अनगिनत फैक्ट्रियाँ एक ही प्लाट पर बहुत बड़े क्षेत्र में फैली हुई हैं जो वर्तमान समय में प्रदूाण एवं विााक्त जीवन का पर्याय बन चुकी हैं। इनसे निकलने वाले प्रदूाण से भूमि बन्जर हो गयी है, पानी दूाित हो चुका है। स्थानीय लोग अंधेपन, लीवन, चर्म रोग, टी.बी. इत्यादि रोगों से ग्रसित हैं। विौले पदार्थों के कारण फसल पैदा ही नहीं होती हैं, पङ्कलदार वृक्ष पङ्कल नहीं देते हैं तथा जानवर सूखते जा रहे हैं। दुधारू पशुओं का दूध न के बाराबर रह गया है। विौली गैस पानी व हवा में छोैड़ने से बच्चे अधिकतर अस्वस्थ रहते हैं ओर पनप नहीं पैंते हैं। पीने का पानी विौला हो गया है। खेती में दूाित पानी की सिंचाई से फसलें बरबाद हो रही हैं। किसान परेशान हैं। कभी भी गैस रिसाव होने से भोपाल कांड से भी बड़ी घटना हो सकती है। सरकार द्वारा जांच कराये जाने पर बार-बार रिपोर्ट फैक्ट्रियों के पङ्केवर में दे दी जाती है। फैक्ट्री अधिकारी किसानों को धमकी देते है। वे कहते हैं कि कब लड़ते रहोगे, जमीन को अच्छे भाव बेंचो और चले जाओ।

अतः सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि उक्त इकाइयों के खिलाफ जो मानव जीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रही हैं, कड़ी कार्रवाई करने हेतु अविलम्ब कदम उठाए जाए।